एक नजर में

फूल माली समाज जिला पंचायत की बैठक आज

सारंगपुर 30 मई, सं. फूल माली समाज जिला पंचायत राजगढ़ चाचौड़ा की बैठक पुष्पद मैरिज गार्डन अंजनी लाल रोड ब्यावरा में आज रखी गई है. जिसमें जिले में समाज के नियम सहित ठोस निर्णय लिए जाएंगे. जिससे समाज में एकता आ सके. बैठक में फूल माली समाज की समस्त पंचायत के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के सदस्य आवश्यक रूप से उक्त बैठक में उपस्थित रहने की अपील की है. यह बैठक समाज के विकास के लिए अहम बैठक है यह बैठक समाज के लिए एक निर्णायक बैठक होगी. जिसमें समाज की दशा और दिशा दोनों बदलेंगे. समाज कैसे विकास करें आखिर समाज में गुटबाजी कैसे खत्म हो आदि मुद्दों पर चर्चा होगी. जिसमें समाज सेवियों पंचायत अध्यक्षों पंचायत के पदाधिकारी और जिला पंचायत के समस्त पदाधिकारी से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होने की अपील की है.

ईद पर मांगी अमन चैन की दुआ

पडाना 30 मई, सं. नगर सहित आसपास ग्रामीण अंचल मऊ मगराना, बरुखेड़ी इत्यादि ग्रामीण अंचलों में ईद-उल-अज़हा बकरीद का त्यौहार पारंपरिक अक़ीदत, हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया. पड़ाना के मुख्य इमाम मौलाना फुरकान साहब ने मुक़र्रर वक़्त पर विशेष नमाज़ अदा कराई. नमाज़ के बाद ख़ुतबे में उन्होंने बताया कि यह त्यौहार त्याग, बलिदान और अल्लाह की रज़ा के प्रति समर्पण का प्रतीक है .नमाज़ के बाद सामूहिक दुआ में देश में अमन, चैन, तरक्की और भाईचारे के लिए इल्तिजा की गई. लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद मुबारक कहा. बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के चेहरों पर त्यौहार की खुशी देखी गई.

सूचना के अधिकार विभाग में जिलाध्यक्ष बने

छापीहेड़ा 30 मई, सं. कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष प्रियवृत सिंह की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निदेशक महासचिव डॉ. संजय कामले की सहमति से प्रदेश के अध्यक्ष पुनीत टंडन द्वारा प्रदेश के हर जिले में सूचना के अधिकार विभाग एवं जनसंपर्क विभाग में नियुक्तियां की गई. इसी के साथ राजगढ़ जिले के अध्यक्ष के रूप में युवक कांग्रेस नेता दुर्गेश धाकड सिकंदरी को नियुक्त किया गया. धाकड़ ने अपनी नियुक्ति के बाद बताया कि मेरे द्वारा जिले भर के जनहित के मुद्दों को उठाने का कार्य किया जायेगा. इस नियुक्ति पर ईस्ट मित्रों सहित साथी नेताओं ने हर्ष जताया है.

जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

खुजनेर 30 मई, सं. ग्राम बड़लावदा में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को एफपीएआई संस्था द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें किशोरियों को माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई. इस दौरान उमंग परामर्शदाता आशा शर्मा द्वारा माहवारी विषय बताया कि माहवारी क्या है. इसके दौरान होने वाले सामान्य लक्षण कौन-कौन से है. इससे जुड़ी भ्रांतियों से बचना क्यों जरूरी है. उन्होंने किशोरियों को माहवारी के समय स्वच्छता बनाए रखने, सेनेटरी पैड की उपलब्धता, उसके सही उपयोग एवं सुरक्षित तरीके से डिस्पोज करने की समझाइस भी दी. साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया.

मां की नगरी में महाकाल की आराधना

चित्र 1. महाआरती के दौरान विशाल जनसमूह. चित्र 2. प्रसिद्ध कथावाचक सोमेश परसाई. चित्र 3. आयोजन में राज्यसभा सांसद नीरा नारोलिया, क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर, राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, सोहागपुर के विधायक विजयपाल सिंह सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों ने बाबा महांकाल की पूजा अर्चना की.

सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंगों में शिव की पूजा

ब्यावरा 30 मई, का. मां भैंसवाधाम की नगरी में महांकाल की पूजा इन दिनों जारी है और आसपास के अंचलों और शहरों से बड़ी संख्या में जनमानस धर्मलाभ लेने पहुंच रहा है. . आयोजन के 6 वें दिन शनिवार को भी श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक और पूजन में भाग लिया. सबसे अधिक भागीदारी महिलाओं और बच्चों की देखने को मिल रही है. प्रसिद्ध कथावाचक सोमेश परसाई व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को रुद्री, महारुद्राभिषेक और पार्थिव शिवलिंग निर्माण का महत्व बता रहे हैं. साथ ही धार्मिक प्रसंगों और कथाओं के माध्यम से शिवभक्ति का संदेश दे रहे हैं.। आयोजन में राज्यसभा सांसद नीरा नारोलिया, क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर, राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, सोहागपुर के विधायक विजयपाल सिंह, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष केदार काका, पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय, नपाध्यक्ष पचोर विकास करोड़िया सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों ने बाबा महांकाल की पूजा अर्चना की. इस दौरान महांकाल की भस्म आरती, रूद्राभिषेक, स्नान और अनुष्ठान में लोग शामिल हो रहे है. काफी रौनक धर्मस्थल पर देखने को मिल रही है. भगवान शिव की महिला का वर्णन कथा वाचक द्वारा किया जा रहा है.

तंवर समाज ने की सामाजिक सुधार की अनूठी पहल

कबीर आश्रम मगनियाखेड़ी में नशामुक्ति अभियान शुरू

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 30 मई, का. तंवर समाज जागरूकता सेवा समिति के तत्वावधान में ग्राम मगनियाखेड़ी स्थित सदगुरु कबीर आश्रम में एक विशेष बैठक का आयोजन कर नशामुक्ति अभियान की शुरुआत की गई. इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, प्रबुद्ध नागरिक, उत्साही युवा एवं समिति के सभी प्रमुख सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

आयोजित बैठक में समाज में व्याप्त विभिन्न कुप्रथाओं को जड़ से समाप्त करने, नशामुक्ति अभियान को धरातल पर सफल बनाने तथा व्यापक सामाजिक सुधार को लेकर गंभीर चर्चा की गई. नशामुक्ति के साथ-साथ कार्यक्रम में बाल विवाह जैसी कुप्रथा की रोकथाम, युवा पीढ़ी के लिए शिक्षा के महत्व, समाज को अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने, नातरा प्रथा के सरलीकरण व सुधार और पर्यावरण संरक्षण जैसे अत्यंत समसामयिक विषयों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ.

समाज के युवाओं को नशे की लत से दूर रखकर उनकी ऊर्जा को सही और सकारात्मक दिशा में लगाने का संकल्प लिया गया.बाल विवाह पर पूर्ण रोक लगाने और समाज की अन्य पुरानी रूढ़िवादी परंपराओं में समय के अनुसार सुधार करने पर सहमति बनी. वक्ताओं ने कहा कि समाज का विकास केवल शिक्षा के माध्यम से ही संभव है, इसलिए हर बच्चे को स्कूल भेजना अनिवार्य हो.

चलते ट्राले में लगी आग, ड्रायवर ने कूदकर बचाई जान

उदनखेड़ी के समीप हुई घटना, वाहनों को रोका

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 30 मई, सं. राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 52 पर सारंगपुर और पचोर के बीच शनिवार दोपहर एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल टल गया.

यहाँ उदनखेड़ी के समीप एक चलते ट्राले में अचानक भीषण आग लग गइ. देखते ही देखते आग ने इतना विकराल रूप ले लिया कि ट्राले का अगला हिस्सा (केबिन) और टायर पूरी तरह जलकर खाक हो गए. गनीमत यह रही कि चालक ने समय रहते सूझबूझ दिखाई और जलते वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई.

वायरिंग से आ रही थी बदबू, सड़क किनारे रोका वाहन

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मेवात (हरियाणा) निवासी ट्राला चालक सद्दाम गुजरात के हलवल से एल्यूमिनियम के तारों की कीमती खेप लादकर बनारस (उत्तर प्रदेश) की ओर जा रहा था. शनिवार दोपहर जब उसका ट्राला उदनखेड़ी के समीप पहुंचा, तो उसे अचानक केबिन में वायरिंग जलने की तीव्र बदबू आई और धुआं निकलता दिखाई दिया. खतरे को भांपते हुए सद्दाम ने तुरंत सूझबूझ दिखाई और ट्राले को सड़क किनारे खड़ा कर नीचे कूद गया. चालक के उतरते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे केबिन को अपनी चपेट में ले लिया.

पुलिस दमकल की तत्परता से बचा लाखों का माल

घटना की सूचना मिलते ही उदनखेड़ी चौकी और पचोर पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचा. सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने हाईवे पर यातायात को नियंत्रित करते हुए कुछ समय के लिए आवाजाही को रोक दिया. ताकि कोई अन्य वाहन इस आग की चपेट में न आए. पुलिस ने तुरंत पचोर नगर पालिका से दमकल वाहन को मौके पर बुलाया. दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया. दमकल की त्वरित और सक्रिय कार्रवाई के चलते आग ट्राले के पिछले हिस्से में लदे एल्यूमिनियम के कीमती तारों तक नहीं पहुंच सकी. इससे लाखों रुपये का कीमती माल जलने से बच गया.

बूथ स्तर पर सुनेंगे मन की बात

पडाना 30 मई, सं. सारंगपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाली भारतीय जनता पार्टी के मंडल पड़ाना में शक्ति केंद्र की बैठक नगर के झिरी स्थान परिसर में संपन्न हुई. बैठक में शक्ति केंद्र प्रभारी मनोहर सिंह परमार, जिला मंत्री एवं शक्ति केंद्र पालक संयोजक राजेश यादव, मंडल मीडिया प्रभारी समेत समस्त बूथ अध्यक्ष, पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे. बैठक में आज प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 134वें एपिसोड को प्रत्येक बूथ पर सामूहिक रूप से सुनने का निर्णय लिया गया.

श्रीनाथजी भगवान की आरती कर कराया भव्य नौका विहार

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 30 मई, का. नगर के प्राचीन बड़े श्रीनाथजी मंदिर में अधिक मास के पावन अवसर पर भगवान श्रीनाथजी का भव्य नौका विहार उत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ आयोजित किया गया.

वैष्णव परंपरा में अधिक मास का विशेष महत्व माना जाता है, जो प्रत्येक तीन वर्ष में एक बार आता है. इस पवित्र माह में वर्षभर मनाए जाने वाले विभिन्न उत्सव विशेष रूप से आयोजित किए जाते हैं.

इसी क्रम में बड़े श्रीनाथजी मंदिर में ठाकुरजी को सुंदर श्रृंगार कर मोगरे के सुगंधित फूलों से सजी आकर्षक नौका में विराजित कर नौका विहार कराया गया. मंदिर परिसर में सवा मंडप के भीतर जल भरकर यमुना जी का स्वरूप तैयार किया गया, जिसमें भगवान श्रीनाथजी ने भक्तों के बीच नौका विहार किया.

पूरे मंदिर परिसर को भव्य एवं आकर्षक सजावट से सजाया गया. ठाकुरजी का मनमोहक श्रृंगार भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहा. इस अवसर पर हवेली संगीत का आयोजन भी किया गया. जिसमें मधुर भजनों एवं संगीत के माध्यम से भगवान को लाड़ लड़ाया गया. श्रद्धालु भक्त पूरे समय भक्ति भाव में डूबे नजर आए. उत्सव के पश्चात श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की.

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वैष्णव जन उपस्थित रहे. गिरिराज अनंत व्यास ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिक मास में आयोजित होने वाले ऐसे धार्मिक उत्सव भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा एवं भक्ति से जोड़ने का कार्य करते हैं.

कृष्ण-सुदामा की मित्रता प्रेम और त्याग की मिसाल

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 30 मई, सं. सच्चा मित्र वही होता है जो अपने मित्र के दुःख को अपना दुःख समझे ओर विकट परिस्थिति एवं संकट के समय में अपने मित्र के काम आए वही असली मित्रता है.

श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता सच्ची मित्रता प्रेम और त्याग की मिशाल है. यह बात शर्मा परिवार द्वारा श्री बालाजी गार्डन मे आयोजित श्रीमद भागवत के समापन अवसर पर शुक्रवार को प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य पंडित रामप्रसाद व्यास ने उपस्थित श्रोताओं के मध्य कही.

उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण और सुदामा ने महर्षि सांदीपनी के आश्रम में एक साथ शिक्षा प्राप्त की वे दोनों एक-दूसरे के बेहद करीब थे. एक बार जंगल में लकड़ी लाते समय, सुदामा ने कृष्ण को बिना बताए चने खा लिए थे. कृष्ण द्वारिका के राजा बने, वहीं सुदामा अत्यधिक गरीबी में जीवन बिताने लगे. अंत में श्री कृष्ण ने सुदामा को बगैर मांगे सब कुछ दे दिया. समापन पर हवन यज्ञ, पूर्णाहुति महाआरती व महा प्रसादी वितरण कर कथा का समापन हुआ.

कथावाचक का किया सम्मान

कथा के समापन दिवस पर महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद के नेतृत्व में कथावाचक का दुपट्टा एवं माला पहना कर तथा सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा अध्यक्ष आशुतोष वेध के नेतृत्व में सम्मान पत्र भेंट कर आचार्य का सम्मान किया. वही पालीवाल परिवार द्वारा पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ललित पालीवाल के नेतृत्व में आयोजक परिवार का सम्मान किया. संचालन एवं सम्मान पत्र का वाचन पंडित सत्यनारायण शर्मा ने तथा आभार अरविंद शर्मा ने माना. इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, प्रेमशंकर पांडे, जगदीश कुम्भकार, जितेन्द्र सोलंकी, कमल पुष्पद, प्रदीप शर्मा, मनोहरलाल कलजोरिया, डां केके शर्मा सहित बडी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे.

कथा में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया

नवभारत न्यूज, ब्यावरा 30 मई, का. शहर की शिवधाम कॉलोनी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में चतुर्थ दिवस श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया. कथा पांडाल नंद के भयो आनंद, जय कन्हैयालाल की के जयघोष से देर रात तक गुंजायमान रहा. आचार्य प्रमोद नागर द्वारा किए जा रहे कथा वाचन में श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर जन्मोत्सव मनाया. आचार्य ने भक्त प्रहलाद की कथा, भगवान नृसिंह अवतार और हिरण्यकश्यप वध प्रसंग का वर्णन किया. इससे पहले भगवान वामन अवतार और ध्रुव की कथा सुनाई गई. उन्होंने कलयुग में घर-घर किए जाने वाले पांच यज्ञ-गौ को पहली रोटी देना, अतिथि का सम्मान, चीटियों को आटा डालना, बुजुर्गों की सेवा और भगवान के प्रति समर्पण को जीवन में अपनाने का संदेश दिया. साथ ही कहा कि मनुष्य चार ऋण लेकर जन्म लेता है-देव ऋण, ऋषि ऋण, मातृ-पितृ ऋण और राष्ट्रऋण जिन्हें चुकाना ही जीवन का वास्तविक कल्याण है. आचार्य नागर ने सत्य को सर्वोपरि बताते हुए सत्यम् परम धीमहि का अर्थ समझाया और कहा कि मनुष्य को सत्य का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए.

समीक्षा जिला कलेक्टर ने ई-टोकन प्रणाली से ही किसानों को खाद वितरण सुनिश्चित करने दिए निर्देश

खाद वितरण में किसानों को परेशानी न हो, लापरवाह पर होगी कार्यवाही

कृषि एवं सहकारिता विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 30 मई, का. राजगढ़ जिले में किसानों को सुचारू और पारदर्शी तरीके से खाद उपलब्ध कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि विभाग एवं सहकारिता विभाग की एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई.

इस बैठक में जिले में खाद

वितरण व्यवस्था की ब्लॉकवार गहन समीक्षा की गई.

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बैठक में दो टूक निर्देश दिए कि किसानों को खाद का वितरण अनिवार्य रूप से केवल ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से ही किया जाए. ताकि वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी एवं व्यवस्थित रहे. उन्होंने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन ई-विकास प्रणाली पोर्टल की मॉनिटरिंग करें और पोर्टल पर किसी भी प्रकार की पेंडेंसी (लंबित मामले) न रहे, इसे कड़ाई से सुनिश्चित करें.

लापरवाही पर गिरेगी गाज, इन क्षेत्रों के प्रभारियों पर नाराजगी

टोकन प्रणाली का पालन न करने पर नोटिस

ब्यावरा-सुठालिया, माचलपुर एवं सारंगपुर क्षेत्रों के डीएम सीसीबी द्वारा ई-टोकन प्रणाली से खाद वितरण नहीं किए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधितों को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.

गड़बड़ी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बैठक में मौजूद सभी संस्था प्रभारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि खाद वितरण के दौरान सोसायटियों पर किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा या लंबी लाइनों का सामना न करना पड़े. किसानों को समय पर और सुलभता से खाद उपलब्ध कराया जाए. उन्होंने साफ लहजे में कहा कि खाद वितरण व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही, कालाबाजारी या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध सीधे एफआईआर सहित कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी. इस महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक में कृषि विभाग, सहकारिता विभाग के जिला अधिकारी, बैंक प्रबंधक सहित संबंधित विभागों के मैदानी अफसर मौजूद रहे.

पचोर क्षेत्र की सोसायटी में सामने आई विसंगतियों को लेकर संबंधित एसडीएम को विस्तृत जांच के निर्देश सौंपे गए हैं.

क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़
B.Ed. आवेदन प्रक्रिया 2026-27
प्रथम चरण (कॉलेज कोड - 384)
ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 02/05/26 से 14/05/26 तक
दस्तावेजों का सत्यापन 04/05/26 से 15/05/26
सीट आवंटन 20/05/26
निर्धारित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन लिंक इनिशिएट कराना अनिवार्य 20/05/26 से 26/05/26 तक
महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना 20/05/26 से 26/05/26
नोट- यदि किसी आवेदक को ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन का SMS दिनांक 14/05/2026 तक प्राप्त नहीं होता है तो ऑनलाईन आवेदन के साथ अपने सभी मूल दस्तावेज लेकर निर्धारित हेल्प सेंटर पर दिनांक 15/05/2026 के पूर्व स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन करावे.
विशेष जो विद्यार्थी दिनांक 25/05/2026 तक शासकीय महाविद्यालय में जाकर लिंक इनिशिएट करायेंगे सिर्फ वे ही दिनांक 26/05/2026 तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे.
योग्यता - OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%
आवश्यक दस्तावेज-
10वीं, 12वीं, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, ऑरिजनल टीसी, माईग्रेशन, आधारकार्ड, समग्र आइडी.
नोट- प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कॉलेज कोड 384 का चयन करें
संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337
04 मई से -04 जून 2026